प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 19.07.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–बुनियादी ढाँचे में आमूल–चूल बदलाव भारत के विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम।
- केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा–स्वस्थ और समावेशी भारत के निर्माण के लिए महिला कर्मचारियों का स्वस्थ रहना जरूरी।
- प्रदेश में कई स्थानों पर लगातार हो रही तेज बारिश से जन जीवन प्रभावित–आज जोधपुर, बीकानेर और अजमेर संभाग में भारी बारिश की संभावना।
- निर्वाचन विभाग की ओर से प्रदेश में जल्द ही मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जायेगा।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि बुनियादी ढाँचे में आमूल–चूल बदलाव भारत के विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इन बदलावों के कारण आज वैश्विक चर्चा भारत के विकसित राष्ट्र बनने के संकल्प के इर्द–गिर्द केंद्रित रहती है। श्री मोदी ने कल पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में 5 हजार 400 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। श्री मोदी ने पिछले एक दशक में सरकार की उपलब्धियों का भी जिक्र किया।

.....

इससे पहले उन्होंने बिहार के मोतीहारी में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

00000

केन्द्र सरकार ने सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मॉनसून अधिवेशन से पहले कल सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक के दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों में सुगम कामकाज सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगेगी। मॉनसून अधिवेशन 21 जुलाई से शुरू होकर 21 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा और पारित कराए जाने की उम्मीद है।

0000

केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है कि स्वस्थ और समावेशी भारत के निर्माण के लिए महिला कर्मचारियों का स्वस्थ रहना आवश्यक है। श्री मेघवाल ने कल नई दिल्ली के शास्त्री भवन में महिला आरोग्यम कक्ष का उद्‌घाटन करते हुए कहा कि यह पहल सरकारी कार्यस्थलों में महिलाओं के कल्याण को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। श्री मेघवाल ने महिलाओं को इस कक्ष का भरपूर उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने इसे केन्द्र सरकार के 'हम फिट तो इंडिया फिट' अभियान को साकार करने की दिशा में सार्थक कदम बताया है।

0000

कोटा के ग्रीन फील्ड हवाईअड्डे का काम तेजी से प्रगति पर है। भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण ने दूसरे चरण के निर्माण के लिए 384 करोड से अधिक का टेंडर जारी कर दिया है। इस चरण में नया टर्मिनल भवन, एटीसी टॉवर, फायर स्टेशन और कार पार्किंग जैसे निर्माण कार्य करवाये जायेंगे। टेंडर के लिए निविदाएं 15 सितंबर तक आमंत्रित की जाएंगी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार इस हवाई अड्डे का निर्माण दिसंबर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

0000

प्रदेश में कई स्थानों पर लगातार हो रही तेज बारिश से जन जीवन प्रभावित हुआ है। कल 22 शहरों में मध्यम से भारी बारिश दर्ज की गयी। इनमें अजमेर और कोटा शामिल है। राजधानी जयपुर में कल शाम से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला सुबह तक जारी रहा । तेज बारिश से जहां निचले इलाकों में पानी भर गया वहीं जलस्त्रोतों में पानी की अच्छी आवक हुई। इससे कई क्षेत्रों में नदी नाले उफान पर है। कई गांवों का संपर्क मुख्य मार्गो से टूट गया है। बारिश से प्रभावित कुछ जिलों में सरकारी और निजी स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है। इनमें बारां, अजमेर और पाली शामिल है। बालोतरा में कल से ही बरसात की झडी लगी हुई है। इससे लूणी नदी में पानी की अच्छी आवक हुई है। राजसमंद से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां नंदसमंद बांध कल लबालब हो गया है। इसके पांच गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। भीलवाडा में रातभर बरसात होती रही। उधर पूर्वी जिले धौलपुर में कल दिनभर हुई बरसात से तीन बांध ओवर फ्लो हो गए है। हमारे संवाददाता ने बताया कि बारिश के चलते धौलपुर करौली मार्ग को बंद हो गया है।

.....

वहीं पाली में पश्चिमी राजस्थान के सबसे बडे जवाई बांध सहित सभी बांधों में पानी की आवक हो रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि मगई, सुकडी और घाणेराव नदी पूरे वेग से बह रही है। इससे दर्जनों गांवों का संपर्क कट गया है।

.....

तेज बारिश वाले इलाकों में लगातार जिला प्रशासन की ओर से लोगों से नदी नालों और झरनों से दूर रहने की अपील की जा रही है। सवाईमाधोपुर जिला कलेक्टर ने जिलेवासियों से जलस्त्रोतों के नजदीक नहीं जाने की अपील की है। मौसम विभाग ने आज जोधपुर, बीकानेर और अजमेर संभाग में कहीं–कहीं बहुत भारी बारिश की संभावना जतायी है। टोंक, नागौर, जैसलमेर, अजमेर, जोधपुर, बीकानेर, भीलवाडा, पाली, राजसमंद, बाडमेर, सिरोही और जालोर तथा आसपास के क्षेत्रों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

0000

प्रदेश में बिहार की तर्ज पर जल्द ही विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जायेगा। इसके तहत बीएलओ घर–घर जाकर मतदाताओं की जांच करेंगे। इसके लिए कल जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में मास्टर ट्रेनर्स का राज्यस्तरीय विशेष गहन पुनरीक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि इससे पहले वर्ष 2002 में मतदाता सूचियों के रिवीजन का कार्य हुआ था। अब राज्यभर में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में 155 मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। ये ट्रेनर्स अपने जिलों में जाकर अन्य मास्टर ट्रेनर्स, बीएलओ और सुपरवाइजर को प्रशिक्षित करेंगें।

0000

करौली जिला आज अपना 28 वां स्थापना दिवस मना रहा है। वर्ष 1997 में आज ही के दिन करौली को प्रदेश का 32 वां जिला बनाया गया था। स्थापना दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

0000